भाकृअनुप-केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान
कृषिवानिकी विहार, झाँसी-284 003, उत्तर प्रदेश
ICAR-Central Agroforestry Research Institute
Krishivaniki Vihar, Jhansi-284 003, Uttar Pradesh
Telephone: +91-510-2730214; Website: https://cafri.res.in

क्रमांक : Central Stores / Scrap Auction/2026 दिनॉक : 10/09/2026

## नीलामी सूचना

विषय : अप्रचलित / निष्प्रयोज्य (Unserviceable / Condemned) स्क्रेप सामग्री की नीलामी हेतु सूचना।

सर्वसाधारण/पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ICAR – CAFRI, Jhansi के अप्रचलित / निष्प्रयोज्य (Unserviceable / Condemned) कबाड़/स्क्रेप सामग्री (संलग्नित निविदा–प्रपत्र में वर्णित सूची के अनुसार) का निपटान **"जैसी स्थिति में है, जहॉं है" (As is where is basis)** के आधार पर सार्वजनिक वैब पोर्टल / समाचार–पत्र में निविदा विज्ञप्ति प्रकाशन के माध्यम से किया जाना है। नीलामी सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियॉं एवं प्रमुख बिन्दु निम्नवत् हैं :–

- निरीक्षण तिथि एवं समय : निविदा प्रकाशन से 25/09/2026 दोपहर 12.00 बजे तक (प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक)
- निरीक्षण स्थल : ICAR-CAFRI, Jhansi भण्डार अनुभाग
- निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि : 25/09/2026 (दोपहर 12.00 बजे से पूर्व) तक
- निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 28/09/2026 (दोपहर 12.00 बजे तक)
- निविदा खुलने की तिथि : 28/09/2026 (अपरान्ह 3.00 बजे)
- निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क : रूपये 500/– मात्र ।
- निर्धारित धरोहर राशि/ई.एम.डी. : रूपये 4,500/– (चार हजार, पॉच सौ) मात्र ।
- नियम एवं शर्तें : निविदा प्रपत्र के साथ संलग्नित हैं ।
- निविदाकर्ता की पात्रता : सम्बन्धित कार्य हेतु पंजीकृत फर्म / ठेकेदार
- दस्तावेज : पैनकार्ड, जी.एस.टी.पंजीकरण, आधारकार्ड, बैंकखाता विवरण

प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
भा.कृ.अनु.परि.–के. कृषि. अनु.संस्थान, झांसी



Scanned with OKEN Scanner

# नीलामी प्रक्रिया हेतु निर्धारित नियम एवं निविदा की शर्ते

1. भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित की गयी सन्दर्भित सामग्रियों की नीलामी जैसा है – जहॉं है, (As is – Where is basis) के आधार पर भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी परिसर में मुहरबन्द लिफाफों में निविदा दर आमन्त्रित कर सम्पन्न की जायेगी । इच्छुक व्यक्ति / व्यवसायी / ठेकेदार **उपरोक्तांकित निष्प्रयोज्य स्क्रेप सामग्री को "जहॉं है – जैसे हैं" के आधार पर,** क्रय किये जाने हेतु निविदा जमा करने से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर बिक्री से सम्बन्धित आवश्यक नियम व शर्तें तथा स्थल निरीक्षण कर सकते हैं।
2. निविदा के साथ **धरोहर राशि के रूप में रूपये 4,500/– (चार हजार, पॉच सौ)** मात्र पी.ओ.एस. / क्यू.आर. कोड जमा रसीद / बैंक ड्राफ्ट के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद इकाई भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी (ICAR Unit CAFRI) के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक शाखा करारी, झॉसी (कोड नं. 07477) पर देय, संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा प्राप्त निविदा पत्र को निरस्त माना जायेगा।
3. नीलामी / बिक्री का कार्य निदेशक, केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी द्वारा गठित समिति द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा ।
4. निविदाकर्ता को अपना फोटो पहचान–पत्र/आधार कार्ड, निवास स्थान, कार्यालय का पता तथा दूरभाष संख्या प्रस्तुत करना होगा । बिना पहचान–पत्र के किसी भी व्यक्ति को निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी ।
5. **बिना निविदा प्रपत्र शुल्क एवं धरोहर राशि के, कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।**
6. **लॉट संख्या 1 से 4 पर अंकित सामग्री को एकमुश्त रूप में उच्चतम दर प्रस्तुतकर्ता फर्म के पक्ष में तथा लॉट संख्या–5 समाचार–पत्रों की रद्दी को प्रति किलो के भाव से उच्चतम दर अंकितकर्ता के पक्ष में स्वीकृत किया जायेगा ।**
7. **समाचार–पत्रों की रद्दी की तौल के लिये सफल उच्चतम दर निविदाकर्ता फर्म को, स्वयं के साधन से संस्थान में तराजू की व्यवस्था करनी होगी ।**
8. सफल निविदाकर्ता फर्म को निविदा स्वीकृति की सूचना मिलने के पश्चात् तथा सामग्री की **ढुलाई** के पूर्व, स्वीकृत सम्पूर्ण धनराशि अविलम्ब संस्थान को जमा करना अनिवार्य होगा तथा स्वीकृत सामग्री की ढुलाई का कार्य सम्बन्धित अनुभाग के निर्देशानुसार सम्पन्न करना होगा।
9. इच्छुक निविदाकर्ता ठेकेदार/फर्म द्वारा सम्बन्धित नीलामी के सम्बन्ध में, नीलामी की जाने वाली स्क्रेप सामग्री का भौतिक निरीक्षण तथा आवश्यक जानकारी हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि से पूर्व, भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी कार्यालय परिसर में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे के मध्य, भण्डार अनुभाग / सम्बन्धित अधिकारी से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है ।
10. सम्बन्धित व्यक्तियों को प्रक्षेत्र में प्रवेश और निष्कासन सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रदत्त गेट पास द्वारा हो सकेगा।
11. बिक्री के उपरान्त सम्बन्धित सामग्री की सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सफल निविदाकर्ता ठेकेदार/फर्म की होगी।
12. **सम्बन्धित सामग्री की ढुलाई** का कार्य स्वीकृति के उपरान्त, सम्बन्धित अनुभाग द्वारा दी गयी समयावधि में सम्पन्न करना होगा ।
13. यदि सफल निविदाकर्ता ठेकेदार/फर्म के द्वारा अथवा उसके नामित किसी भी व्यक्ति/श्रमिक द्वारा संस्थान की किसी भी सम्पत्ति को जानबूझकर/अथवा अन्य किसी भी प्रकार से क्षति पहुॅंचायी जाती है, तो इस अवस्था में संस्थान के सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा निर्धारित की गयी क्षतिपूर्ति सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म को वहन करनी होगी।
14. **निविदाकर्ता फर्म/ठेकेदार को निविदा के माध्यम से खरीदी गयी निष्प्रयोज्य सामग्री के कुल मूल्य पर नियमानुसार जीएसटी (GST) आदि का अतिरिक्त भुगतान यदि देय होगा, सम्बन्धित विभाग में स्वयं करना होगा ।**
15. **नीलामी हेतु लिखित दर पत्र के ऊपर मोटे अक्षरों में "निष्प्रयोज्य घोषित स्क्रेप सामग्री की नीलामी हेतु निविदा – अन्तिम तिथि 28/09/2026" अवश्य लिखा होना चाहिये ।**
16. **निष्प्रयोज्य घोषित स्क्रेप सामग्री की नीलामी हेतु लिखित दरें सील किये हुए बन्द लिफाफे में केवल रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट / कूरियर डाक द्वारा निदेशक कार्यालय में निर्धारित अन्तिम तिथि 28/09/2026 को पूर्वान्ह 12.00 बजे तक स्वीकार की जायेंगी । डाक व्यवधान के कारण विलम्बता के लिए यह संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा ।**
17. विलम्ब से प्राप्त निविदा लिखित दर पत्र पर इस संस्थान द्वारा किसी भी प्रकार विचार नहीं किया जायेगा ।
18. नीलामी हेतु समय से प्राप्त मुहरबन्द लिखित दर पत्र दिनॉक 28/09/2026 को निदेशक महोदय द्वारा गठित समिति तथा इच्छुक निविदाकर्ताओं या उनके द्वारा नामित अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे संस्थान के समिति कक्ष में खोले जायेंगे ।
19. निष्प्रयोज्य घोषित स्क्रेप सामग्री का संस्थान द्वारा आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है । निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य से कम की नीलामी दरें स्वीकार नहीं की जायेंगी ।
20. इस संस्थान के निदेशक महोदय की संस्तुति के उपरान्त, उच्चतम नीलामी दर प्रेषितकर्ता को नीलामी स्वीकृति पत्र जारी होने से 5 दिन के अन्दर सम्पूर्ण धनराशि जमा कर तुरन्त क्रय की गयी सामग्रियों को संस्थान परिसर से उठाना होगा ।
21. नीलामी की स्वीकृति के उपरान्त क्रय की गयी सामग्री / सामग्रियों की सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी क्रेता की होगी। किसी भी प्रकार की क्षति के लिये इस संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
22. चयनित तथा सफल निविदाकर्ता को क्रय की गयी सामग्री / सामग्रियों को ले जाने हेतु अपनी स्वयं की व्यवस्था करनी होगी । इस संस्थान द्वारा किसी भी प्रकार की व्यवस्था उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।



प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
भा.कृ.अनु.परि.–के. कृषि. अनु.संस्थान, झांसी

Scanned with OKEN Scanner

23. चयनित तथा सफल निविदाकर्ता को क्रय की गयी सामग्री / सामग्रियों को संस्थान के मुख्य द्वार से कार्यालय समय में, उचित गेट पास प्राप्त कर के ले जाना होगा ।
24. चयनित क्रेता द्वारा क्रय की गयी सामग्री / सामग्रियों को समय पर ना उठाने की स्थिति में सम्पूर्ण जमा राशि को संस्थान द्वारा जब्त कर लिया जायेगा ।
25. असफल निविदाकर्ता की धरोहर धनराशि को, संलग्नित बैंक खाता विवरण के माध्यम से, अविलम्ब लौटा दिया जायेगा ।
26. निविदा की भाषा स्पष्ट शब्दों एवं अंकों में पढ़ने योग्य हो । किसी भी प्रकार की कटिंग – ओवरराइटिंग मान्य नहीं होगी ।
27. निविदा प्राप्त करने की तथा खोलने की निर्धारित अन्तिम तिथियों के दिन अवकाश घोषित होने की अवस्था में आगामी कार्य दिवस को तदनुसार मान्य किया जायेगा ।
28. संस्थान के निदेशक एवं गठित समिति को कोई भी अन्य महत्वपूर्ण शर्त, जो यहॉं अपूर्ण है, को सम्मिलित करने का अधिकार होगा ।
29. हमारा न्यायिक क्षेत्र झॉंसी न्यायालय परिसर होगा ।
30. निदेशक, भा.कृ.अनु.परि.– केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉंसी को नीलामी सम्बन्धी प्राप्त मुहरबन्द लिखित दर पत्र/पत्रों को बिना कारण बताये स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।
नीलामी सम्बन्धी समस्त अधिकार निदेशक, भा.कृ.अनु.परि.– केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉंसी के पास सुरक्षित रहेंगे । विवाद की स्थिति में निदेशक महोदय का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा । जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी ।

10/9/26

प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
कृते निदेशक
प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
भा.कृ.अनु.परि.–के. कृषि. अनु.संस्थान, झांसी

त्रिदेव/10092026



Scanned with OKEN Scanner

# भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान

पहूज बॉध के पास, झॉसी–ग्वालियर मार्ग, झॉसी – 284003 (उ0 प्र0)

........

## स्क्रेप सामग्री एवं समाचार–पत्रों की रद्दी की सूची / निविदा प्रपत्र

(कृपया अपने लेटर पेड के साथ ही प्रेषित करें)

दिनॉक :

प्रति,'

निदेशक महोदय
भा.कृ.अनु.परि. – केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान,
पहूज बॉध के पास, ग्वालियर रोड, झॉसी – 284 003 (उ0 प्र0)

विषय : निम्नांकित निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी के माध्यम से खरीद हेतु निविदा ।
संदर्भ : निविदा संख्या Central Stores / Scrap Auction/2026 दिनॉक 10/9/2026

महोदय,

आपके संस्थान की संदर्भित निविदा संख्या Central Stores / Scrap Auction/2026 दिनॉक 10/09/2026 के सम्बन्ध में, मैंने निम्न विवरणानुसार निम्नांकित स्क्रेप सामग्री एवं समाचार–पत्रों की रद्दी की नीलामी के माध्यम से खरीद किये जाने के पूर्व, उनका भली भॉति निरीक्षण कर लिया है तथा मैने उक्त सामग्री की नीलामी के माध्यम से खरीद हेतु संदर्भित निविदा की सभी शर्ते पढ़कर समझ लीं हैं तथा समस्त शर्तो पर पूर्ण रूप से सहमत होते हुए मै उल्लिखित उपरोक्तांकित सामग्री को स्वयं के साधन जुटाकर ले जाने हेतु आपको अपनी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ।

### लॉट–1

### List of Scrap Items in Central Store (A)

| S.N. | Particulars of Stores | Quantity | Quoted value by the firm |
|---|---|---|---|
| 1 | Field Sprayer | 01 No. | |
| 2 | Talkman / Telephone Instruments (UPTRON) | 02 Nos. | |
| 3 | Distill Water Can (10 Ltr.) | 03 Nos. | |
| 4 | Micropipetter Fixed Volume (10 & 5000 µl) | 02 Nos. | |
| 5 | Ceiling Fan | 01 No. | |
| 6 | Mridaparikshak Soil Testing Kit (Mini Lab) - Himedia | 01 No. | |
| 7 | Tab with Keyboard with Soil Health Card Software (i-ball) | 01 No. | |
| 8 | Borosil water distillation unit with accessories (Single) | 01 No. | |
| 9 | Borosil water distillation unit with accessories (Double) | 01 No. | |
| 10 | Ceiling Fan | 01 No. | |
| 11 | Distilled Water Unit | 01 No. | |
| 12 | Battery Operated Knapsack Sprayer | 01 No. | |
| 13 | Water Rose Can | 01 No. | |
| 14 | Lock | 03 Nos. | |
| 15 | Godrej Lock | 01 No. | |
| 16 | Monoquartz Distillation unit with Borosilicate condenser – Cap. 2.5 Ltr./Hr.(Borosil) | 01 No. | |
| 17 | Knapsack Sprayer (Battery operated) - Delux | 01 No. | |
| 18 | Knapsack sprayer (Hand operated) - Swastik | 02 Nos. | |
| 19 | Batteries (12V., 7 Ah) | 11 Nos. | |
| 20 | Cooler Pump | 01 No. | |
| 21 | Tap Head (Nickle polish) | 01 No. | |
| 22 | Iron Rod (For Ceiling Fan's Fixing) | 02 Nos. | |
| 23 | Electric Kettle (Plastic Body) | 01 No. | |
| 24 | Distilled water unit (Borosil Make) | 01 No. | |
| 25 | Plastic Hand Sprayer (with back carrying strap support) unit | 08 Nos. | |
| 26 | Compressor of Deep Freezer (-80$^0$ C.) – Empraco (NEK2168GK) | 01 No. | |
| 27 | SLA Battery (6V) – LFM645 | 01 No. | |
| 28 | Batteries of UPS (5 KV#) - APC | 16 Nos. | |
| 29 | Batteries of UPS (3 KV#) - Microtek | 16 Nos. | |
| 30 | Cyberoam UTM Firewall (CR50iNG) | 01 No. | |
| 31 | Switch (D Link 24 Ports) | 02 Nos. | |
| 32 | Batteries 12V., 07 Ah | 03 Nos. | |
| 33 | Miscellaneous scrapp : Wifi Routers (6 Nos.), Dongals (8 Nos.), Telephone (02 Nos.) | | |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 34 | Old locks | 08 Nos. | |
| 35 | Scientific Calculator | 02 Nos. | |
| 36 | Compressor of Refrigerator | 01 No. | |
| 37 | Battery 12V – 7 Ah | 06 Nos. | |
| 38 | Calculator | 01 No. | |
| 39 | Mother Board of Computer | 01 No. | |
| 40 | DVD Writer | 01 No. | |
| 41 | Fan's Road | 01 No. | |
| | **लॉट–2**<br>**List of Scrap Items in Store Room at Farm (B)** | | |
| 1 | कूलर की टंकी | 01 No. | |
| 2 | लोहे का खल–बट्टा (कूटने वाला) | 01 Set | |
| 3 | लोहे के लैब स्टूल | 03 Nos. | |
| 4 | पानी की प्लास्टिक की टंकी (300 लीटर अनुमानित) | 01 No. | |
| 5 | दीवार घड़ी | 01 No. | |
| 6 | जी.आई. बॉक्स 5 x 3 x 3 Feet Size के | 01 No. | |
| 7 | अन्य छोटे सामान जैसे लोहे के पाईप के टुकड़े, तार आदि | | |
| | **लॉट–3**<br>**List of Scrap Items of Farm Section** | | |
| 1 | लोहे के गेट | 01 No. | |
| 2 | लोहे के चैनल | 01 No. | |
| 3 | जी.आई. बॉक्स 5 x 3 x 3 Feet Size के | 03 Nos. | |
| 4 | जी.आई. बॉक्स 2 x 2.5 Feet Size का | 01 No. | |
| 5 | टार्क रिंच | 01 No. | |
| 6 | जरी केन | 01 No. | |
| 7 | हंसिया, कुल्हाड़ी, तलवार, फावड़ा, गैंती | - | |
| | **लॉट–4**<br>**List of Scrap Items of Estate Section**<br>**(a) – Generator Room** | | |
| 1 | इलैक्ट्रिक पैनल | 18 Nos. | |
| 2 | बिजली से सम्बन्धित स्क्रेप सामग्री – एल.ई.डी. ट्यूब लाईट, स्ट्रीट लाइट, सी.एफ.एल. लाईट बड़ी/छोटी, एल.ई.डी. बल्ब, रेग्यूलेटर, आइसोलेटर, कलर लाईट, स्विच 15 व 5 एम्पीयर, सॉकेट 15 व 5 एम्पीयर, एम.सी.बी., एम.सी.बी. बॉक्स, सबमीटर, सीलिंग लाईट, एल.ई.डी. पोल लाईट, ट्यूब लाईट फ्रेम | - | |
| 3 | जनरेटर मीटर पैनल | 01 No. | |
| 4 | एयर फिल्टर | 02 Nos. | |
| 5 | ऑयल फिल्टर | 02 Nos. | |
| 6 | वाटर कूलर फिल्टर | 01 No. | |
| 7 | सेक्शन पाईप 3" | 12 Feet | |
| 8 | ऑफिस कॉरिडोर सीलिंग लाईट जी.आई. | 17 Nos. | |
| 9 | पेन्ट के खाली डिब्बे | 02 Nos. | |
| 10 | सिस्टर्न कम्पलीट | 07 Nos. | |
| 11 | पानी कैम्फर | 01 No. | |
| 12 | मोटर स्टार्टर | 01 No. | |
| | **लॉट–4**<br>**List of Scrap Items of Estate Section (b)** | | |
| 1 | पम्प 0.5 एच.पी. मोनोब्लॉक | 01 No. | |
| 2 | कूलर | 01 No. | |
| 3 | सुप्रीम डाइनिंग टेबिल | 02 Nos. | |
| 4 | सुप्रीम डाइनिंग चेयर | 02 Nos. | |
| 5 | हैज ट्रिमर | 01 No. | |
| 6 | स्केटियर्स | 01 No. | |
| 7 | फ्लड लाईट – 300 वॉट | 08 Nos. | |
| 8 | गार्डनर सीज़र | 02 Nos. | |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **लॉट–4**<br>**List of Scrap Items of Estate Section**<br>**(c)– Farm Store** | | |
| 1 | बिजली से सम्बन्धित स्क्रेप सामग्री – ट्यूब लाईट स्ट्रक्चर, डोरवैल, स्ट्रीट लाइट स्ट्रक्चर, सीलिंग साईट, ट्यूब लाइट चौक, फ्लड लाइट, टेलीफोन व बिजली का जला तार, एल.ई.डी. ट्यूब लाइट, टेलीफोन सैट, फैन कवर | - | |
| 2 | लोहे से सम्बन्धित स्क्रेप सामग्री – सीढ़ी टूटी हुई, लोहे की बाल्टी, तसला लोहे का खराब, ड्रम 20 लीटर, पंजी, सीलिंग लाइट जी.आई., पर्दे की रॉड (ब्लाइन्ड), आरी, खुरपी, तलवार, गैंती, हसिया, टूटा–फूटा लोहा | - | |
| 3 | प्लास्टिक से सम्बन्धित स्क्रेप सामग्री – प्लास्टिक की बाल्टी, ड्रम 20 लीटर, गम बूट, तसला पीवीसी | - | |
| 4 | सिस्टर्न | 02 Nos. | |
| 5 | चेन्ज ओवर | 01 No. | |
| 6 | कटे पाईप 4" – 20 फीट | 06 Nos. | |
| 7 | वाटर पम्प छोटा | 01 No. | |
| 8 | कूलर की पंखुड़ी | 01 No. | |
| 9 | सीलिंग लाईट स्ट्रक्चर – जी.आई. | 75 Nos. | |
| | **लॉट संख्या 1 से 4 तक की सामग्री हेतु कुल निविदित राशि रूपये :** | | |

## लॉट–5
## Other Scrap Items at Library Section

| S.N. | Particulars of Stores | Quoted value by the firm (@ Per Kg.) |
|---|---|---|
| 1 | माह अप्रेल, 2023 से अगस्त, 2026 तक की अवधि में संस्थान में आने वाले हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार–पत्रों की रद्दी | |

**घोषणा :**

1. भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी की निविदा संख्या Central Stores / Scrap Auction/2026 दिनॉक 10/9/2026 के सन्दर्भ में मैं / हम उपरोक्त सारिणी में अंकित स्क्रेप सामग्री को खरीद करने के इच्छुक हैं ।
2. भा.कृ.अनु.परि.–केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी द्वारा निष्प्रयोजित की गयी उपरोक्त सारिणी में अंकित स्क्रेप सामग्रियों का निविदा दर प्रस्तुत करने से पूर्व मेरे / हम लोगों द्वारा भौतिक सत्यापन कर लिया गया है ।
3. निविदा प्रपत्र में वर्णित नियमों एवं शर्तों का मेरे / हमारे द्वारा अध्ययन कर लिया गया है । निविदा प्रपत्र में अंकित सभी नियम एवं शर्तें मुझे / हम लोगों को मान्य हैं । इन शर्तों के पालन न करने की स्थिति में मेरी / हमारी धरोहर राशि को जब्त किया जा सकता है । किसी विवाद की स्थिति में निदेशक, भा.कृ.अनु.परि.– केन्द्रीय कृषिवानिकी अनुसंधान संस्थान, झॉसी द्वारा लिये गये निर्णय की बाध्यता मेरे / हमारे ऊपर होगी ।

संस्थान द्वारा निविदा प्रपत्र शुल्क के रूप में निर्धारित राशि रूपये 500/– (पॉच सौ) मात्र (वापिसी योग्य नहीं) पी.ओ.एस. / क्यू.आर. कोड जमा रसीद / ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक क्र.सं. ..........................दिनॉक.......................... **तथा** निविदा की **धरोहर राशि के रूप में** रूपये 4,500/– (चार हजार, पॉच सौ) मात्र पी.ओ.एस. / क्यू.आर. कोड जमा रसीद / ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक क्र.सं. ....................दिनॉक........................ निविदा के साथ संलग्न है ।

संलग्नक :

1. सं. ...................... दि0.........................राशि......................
2. सं. ...................... दि0.........................राशि......................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम : ..................................................................

पिता का नाम : ...................................................

पता : ..................................................................

..........................................................................

मोबाईल न0....................................................

दिनॉक : .......................................................



Scanned with OKEN Scanner